नवभारत टाइम्स

यूपी चुनाव 2017 : ऑपिनियन पोल में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी

नवभारतटाइम्स.कॉम | Oct 12, 2016, 08.36 PM IST

सर्वे में बीजेपी को सबसे बड़ी पार्टी बताया गया है...

नई दिल्ली

2017 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी बहुमत के नजदीक पहुंचकर सरकार बनाने की स्थिति में आ सकती है। वहीं बहुजन समाज पार्टी के दूसरे नंबर पर रहने की संभावना है। एक टीवी चैनल द्वारा कराए गए ऑपिनियन पोल के मुताबिक यूपी में मुख्य मुकाबला बीजेपी और बीएसपी के बीच होने जा रहा है, एसपी तीसरे नंबर पर रहेगी जबकि कांग्रेस के प्रदर्शन में कोई सुधार होता नजर नहीं आ रहा।

इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के ऑपिनियन पोल में बीजेपी को सबसे ज्यादा 31% वोट्स के साथ 170-183 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं 28% मतों के साथ दूसरे नंबर पर बीएसपी के रहने का अनुमान लगाया गया है। सत्ताधारी समाजवादी पार्टी के लिए यह ऑपिनियन पोल किसी झटके से कम नहीं क्योंकि पार्टी को तीसरे नंबर पर बताते हुए उसे 25% वोट्स मिलने की बात कही गई है। एसपी को सर्वे में 94-103 सीटें दी गई हैं। सर्वे में कांग्रेस को 6% वोट्स के साथ 8-12 सीटें दी गई हैं। वहीं अन्य के खाते में 10% वोट्स के साथ 2 से 6 सीटें आने की बात कही गई है।

सर्वे में बीजेपी भले ही यूपी में नंबर वन पार्टी बनती नजर आ रही हो पर मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन उसकी कमजोर कड़ी बना हुआ है। सर्वे में मुख्यमंत्री की पसंद के तौर पर सबसे लोकप्रिय बीएसपी सुप्रीमो मायावती को बताया गया है। सर्वे के मुताबिक 31% लोग चाहते हैं कि मायावती अगली मुख्यमंत्री बनें, वहीं अखिलेश को 27%, मुलायम को 01%, राजनाथ को 18%, योगी आदित्यनाथ को 14%, प्रियंका गांधी को 2% जबकि कांग्रेस की अधिकृत सीएम प्रत्याशी शीला दीक्षित को सिर्फ 01% लोगों ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी पसंद बताया है।

2017 में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत की उम्मीद लगाए बैठी बीजेपी को इस ताजा ऑपिनियन पोल से उत्साहित होने का मौका मिला है, वहीं प्रशांत किशोर की लाख कोशिशों के बाद भी कांग्रेस के प्रदर्शन में कोई सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। बीएसपी और एसपी के लिए भी यह ऑपिनियन पोल अपनी कमजोरियों पर गौर करने का संकेत दे रहा है।